नोटिस बैनर पूर्णिया विवि : स्नातक की 60 हजार सीटों पर आज से नामांकन

prabhatkhabar.com

Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
यदि आप कब्ज, गैस और एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए 'पेट सफा' आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स/टेबलेट्स। पेट सफा पहली रात से असर दिखाता है, और इसकी आदत भी नहीं पड़ती।

रात को एक चम्मच खाओ सुबह फ्रैश हो जाओ...
कब्ज़ गैस एसिडिटी
पेट सफा..... तो हर रोग दफा

डीईओ ने दिया नवहट्टा में डिग्री कॉलेज संचालन का आश्वासन, जूस पिला खत्म करवाया अनशन

- काशीमपुर डिग्री कॉलेज के विरोध में आठ दिनों से जारी अनशन समाप्त

प्रतिनिधि, नवहट्टा

प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज संचालन की मांग को लेकर पिछले आठ दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन सोमवार को प्रशासनिक पहल के बाद समाप्त हो गया. जिलाधिकारी दीपेश कुमार के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र कुमार आंदोलन स्थल पहुंचे एवं अनशनकारियों को जूस पिलाकर आमरण अनशन तुड़वाया. साथ ही उन्होंने नवहट्टा प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज संचालन के लिए विभाग को अनुमोदन भेजे जाने की जानकारी दी, जबकि पूर्व में डिग्री कॉलेज का संचालन काशीमपुर से शुरू कर दिया गया था. इससे नवहट्टा प्रखंड मुख्यालय के लोगों में भारी नाराजगी थी. क्षेत्रवासियों का कहना था कि प्रखंड मुख्यालय होने के बावजूद नवहट्टा को डिग्री कॉलेज से वंचित रखा जा रहा है. इसी मांग को लेकर डिग्री कॉलेज संघर्ष समिति के बैनर तले लगातार धरना-प्रदर्शन चल रहा था. जबकि अमरेंद्र रवि, देवेंद्र मेहता एवं विष्णु देव महतो पिछले आठ दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे. सोमवार को दुर्गा स्थान परिसर स्थित धरना स्थल पर पहुंचे डीईओ हेमचंद्र ने संघर्ष समिति के सदस्यों एवं अनशनकारियों से वार्ता की. उन्होंने बताया कि नवहट्टा प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज संचालन के लिए विभाग को अनुमोदन भेज दी गयी है एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार इस दिशा में आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. आश्वासन मिलने के बाद आंदोलनकारियों ने अपना अनशन समाप्त करने की घोषणा की. इसके बाद डीईओ हेमचंद्र कुमार ने पूर्व विधायक गुंजेश्वर साह, पूर्व विधायक आलोक रंजन, बीईओ आशीष कुमार, थानाध्यक्ष राहुल कुमार एवं आरओ रंजन कुमार सिंह की मौजूदगी में अमरेंद्र रवि, देवेंद्र मेहता एवं विष्णु देव महतो को जूस पिलाकर आमरण अनशन तुड़वाया.

जूस पिलाकर अनशन खत्म करवाते डीईओ व अन्य.

प्रशासन के आश्वासन का सम्मान करते हुए समाप्त किया आंदोलन

मौके पर पूर्व विधायक गुंजेश्वर साह ने कहा कि नवहट्टा में डिग्री कॉलेज की मांग क्षेत्र के छात्रों एवं अभिभावकों की वर्षों पुरानी मांग रही है. वहीं पूर्व विधायक आलोक रंजन ने कहा कि डिग्री कॉलेज संचालन की दिशा में प्रशासन की पहल से क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा एवं उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की मजबूरी कम होगी. धरना स्थल पर उशोक पासवान, सुनील कुमार सिंह, इश्तियाक खान, मकसूद आलम, मो मंजूर आलम, मनीज जायसवाल, राजीव साह, नवाब अली सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद थे. संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि प्रशासन के आश्वासन का सम्मान करते आंदोलन समाप्त किया गया है. अब क्षेत्र की जनता को नवहट्टा प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज संचालन संबंधी औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार है.

सीएनएलयू को ग्लोबल यूनिवर्सिटी वर्ल्ड यूआरआर रैंकिंग-2026 में 512वां स्थान

पटना. सीएनएलयू ग्लोबल यूनिवर्सिटी वर्ल्ड यूआरआर रैंकिंग-2026 में 512वां स्थान मिला है. लंदन स्थित संस्था द्वारा जारी इस रैंकिंग में विवि का मूल्यांकन स्नातकों की रोजगार क्षमता, उद्यमिता, करियर प्रगति, पूर्व छात्रों की उपलब्धियों व छात्र संतुष्टि जैसे मानकों के आधार पर होता है. इस वर्ष कुल 1300 विश्वविद्यालयों के आकलन में भारत के 28 संस्थानों को रैंकिंग में स्थान मिला है. वहीं राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में सीएनएलयू शीर्ष पर है. विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए उपलब्धि बताया है. कुलसचिव प्रो (डॉ) एसपी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग व शिक्षकों-छात्रों के संयुक्त प्रयास से विवि लगातार प्रगति कर रहा है.

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–XI में नामांकन हेतु ऑनलाईन (CBT) विधि से आयोजित प्रवेश परीक्षा, 2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक के लिए उत्तरकुंजी पर आपत्ति दर्ज करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक को सूचित किया जाता है कि दिनांक **08.06.2026** को ऑनलाईन (CBT) माध्यम से सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–XI में नामांकन हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा, 2026 का उत्तरकुंजी सहित (Response Sheet) समिति की वेबसाईट **https://www.biharsimultala.com** पर दिनांक **16.06.2026** से अपलोड रहेगा।

2. उक्त परीक्षा के उत्तरकुंजी (Response Sheet) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित हो तो, अभ्यर्थी समिति के उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **"Click here for filing Objection for Simultala CLASS XI"** पर दिनांक **16.06.2026 से 18.06.2026 तक** की अवधि में ऑनलाईन माध्यम से साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

3. उत्तरकुंजी (Response Sheet) देखने एवं आपत्ति दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी अपने Application No. के साथ पासवर्ड के रूप में जन्मतिथि डालकर Login करेंगे।

4. संबंधित अभ्यर्थियों को उत्तरकुंजी पर आपत्ति दर्ज करने के लिए प्रति प्रश्न 50/– रूप निर्धारित शुल्क Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करना अनिवार्य है।

5. उत्तरकुंजी पर आपत्ति सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात् एवं अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 132/2026 — परीक्षा नियंत्रक (विधिज्ञ)

बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने जारी किया एक साल का रिपोर्ट कार्ड

संवाददाता, पटना

बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने एक साल का अपना कार्यकाल पूरा होने पर बोर्ड का रिपोर्ट कार्ड जारी किया. कहा कि इस दौरान संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गये. 2026 की माध्यमा परीक्षा में छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है. पिछले वर्ष 13,241 छात्र, जबकि इस बार 24 हजार छात्रों ने परीक्षा दी. पिछले आठ वर्षों में यह सबसे बड़ी वृद्धि है. पहली बार बोर्ड ने अपनी वेबसाइट तैयार कर उस पर ऑनलाइन आवेदन मंगवाये और परीक्षा परिणाम जारी किया. मध्यमा का रिजल्ट रिकॉर्ड 27 दिनों में जारी हुआ. पहली बार पूरक परीक्षा हुई. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम में बदलाव हुआ.आने वाले समय में राज्य में 40 मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित होंगे, जहां कंप्यूटर लैब, डिजिटल पुस्तकालय और आधुनिक शिक्षण सुविधाएं होंगी. एआइ आधारित शिक्षा और भाषा प्रयोगशाला की भी बोर्ड की योजना है.

बीएस कॉलेज में कदाचारमुक्त माहौल में शुरू हुई यूजी सेमेस्टर टू की परीक्षा

परीक्षा का जायजा लेते केंद्राधीक्षक व अन्य.

विश्वविद्यालय के निर्देशों का हो रहा पूरी तरह से अनुपालन : डॉ योगेंद्र

प्रतिनिधि, सहरसा

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूजी सेमेस्टर 2 की सैद्धांतिक परीक्षा सोमवार से बनवारी शंकर महाविद्यालय में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में शुरू हुई. विश्वविद्यालय द्वारा बनवारी शंकर सिमराहा को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है. प्रथम पाली में आयोजित ग्रुप-ए की परीक्षा में 569 परीक्षार्थी शामिल हुए. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ योगेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित हो रही है. विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है. परीक्षा संचालन में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं. सभी वीक्षकों एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से परीक्षा का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है. परीक्षा नियंत्रक प्रो जयप्रकाश झा ने परीक्षा कार्य में लगे सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते उनके सहयोग एवं समर्पण की सराहना की. उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पालियों की परीक्षाएं भी इसी तरह शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न होंगी.

कुलपति ने परीक्षा कक्षों में जाकर की निगरानी

प्रतिनिधि, पूर्णिया

स्नातक पंचम सेमेस्टर परीक्षा को लेकर पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह ने सोमवार को विभिन्न परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान परीक्षार्थियों एवं परीक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की. निरीक्षण के क्रम में कुलपति ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, अनुशासन एवं पारदर्शिता से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. उन्होंने सभी परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षा की निगरानी की और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा विश्वविद्यालय के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रही है. निरीक्षण के उपरांत कुलपति प्रो. सिंह ने परीक्षा संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो रही है. उन्होंने परीक्षा कार्य में संलग्न पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के कारण परीक्षा की गरिमा और विश्वसनीयता बनी हुई है. विवि मीडिया पदाधिकारी प्रो. संतोष कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक पंचम सेमेस्टर परीक्षा का आज अंतिम दिन था, पूरे परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित व कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई. विश्वविद्यालय प्रशासन ने सफल परीक्षा संचालन के लिए सभी महाविद्यालयों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है.

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति प्रो विवेकानंद सिंह.

स्नातक की 60 हजार सीटों पर आज से नामांकन

- पूर्णिया विवि की ओर से जारी प्रथम मेरिट लिस्ट में 31595 अभ्यर्थी

प्रतिनिधि, पूर्णिया

सीमांचल के 63 डिग्री कॉलेजों में स्नातक की 60 हजार से अधिक सीटों पर आज 16 जून से नामांकन शुरू हो जायेगा. इसके लिए पूर्णिया विवि ने प्रथम मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है. विवि मीडिया पदाधिकारी प्रो. संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2026-2030 के नामांकन के लिए प्रथम मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है. यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर कटऑफ लिस्ट के साथ ऑफर लेटर जारी कर दिया गया है. प्रथम मेरिट लिस्ट पर 19 जून तक नामांकन लिया जायेगा. गौरतलब है कि कुलपति प्रो. विवेकानंद सिंह के मार्गदर्शन में उपकुलसचिव शैक्षणिक डॉ. नवनीत कुमार व समर्थ नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन सागर ने नामांकन कार्य को यहां तक सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए अहम योगदान दिया है. उपकुलसचिव शैक्षणिक डॉ. नवनीत कुमार ने बताया कि प्रथम मेरिट लिस्ट में 31595 अभ्यर्थी शामिल हुए हैं. उन्होंने बताया कि नये 21 कॉलेजों के लिए भी प्रथम मेरिट लिस्ट में 150 से लेकर 200 अभ्यर्थी प्रति कॉलेज शामिल हैं.

कुल 53854 अभ्यर्थी में से 51609 के आवेदन पाये गये वैध: पूर्णिया विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में नामांकन हेतु कुल 53,854 आवेदन प्राप्त हुए हैं. विषयवार आवेदन में इतिहास 11576, राजनीति विज्ञान 7 685, हिन्दी 7 366, भूगोल 6062, उर्दू 3803, गृह विज्ञान 3585, जंतु विज्ञान 3431, मनोविज्ञान 1929, रसायनशास्त्र 1190, अंग्रेजी 1057, अर्थशास्त्र 999, संगीत 915, वनस्पति विज्ञान 814, समाजशास्त्र 839, दर्शनशास्त्र 684, भौतिकी 669, गणित573, वाणिज्य 170 , संस्कृत 198, अन्य विषय में 1193 आवेदन आये. उपकुलसचिव शैक्षणिक डॉ. नवनीत कुमार ने बताया कि 51609 अभ्यर्थी के आवेदन वैध पाये गये.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय : तृतीय तल – शकुंतला डायग्नोस्टिक सेंटर, लाइन बाजार, पूर्णिया-854301

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी सूचना

"परिशिष्ट- IV-A [नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परंतुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) ,बंधककर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए **'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' एवं 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा।

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए 30 दिनों की नीलामी सूचना (क्रम संख्या-1, 2, 3 एवं 4 के लिए) एवं अचल संपत्ति की बिक्री के लिए एवं 15 दिनों की नीलामी सूचना (क्रम संख्या- 5 एवं 6 के लिए)

क्र.सं.	शाखा का नाम एवं बिक्री सूचना की तिथि	उधारकर्ता/ गारंटर / बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण, ज्ञात भारों सहित, (मालिक/बन्धककर्ता का नाम)	कुल बकाया राशि (नामांकित) ब्याज राशि दिनांक 07.06.2026 तक/ वसूली (यदि कोई हो) पाटकर	ई–नीलामी की तिथि ई–नीलामी का समय प्रारंभ समय __ से समाप्ति समय	1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	स्थामित्व की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	रजनी चौक, पूर्णिया 09.06.2026	1. श्री नरेंद्र सह 2. श्रीमती संजु देवी पति मनोज सह	खाता संख्या- 526, खेसरा संख्या- 1309, का सभी भाग एवं अंश, मौजा- अब्दुल्ला नगर, थाना- सदर, तौजी संख्या- 8/5, वार्ड संख्या- 37 (नया) 21 (पुराना), अंचल- पूर्णिया पूर्व, थाना संख्या- 100/1, जिला- पूर्णिया में स्थित कुल 871 वर्ग फुट भूमि, जो श्री मनोज सह पिता- श्री रामाश्रय सह के नाम पर है **चौहद्दी-** उत्तर- श्री लाल बाबू साह, दक्षिण- श्रीमती लाल परी देवी, पूर्व- 12 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम- श्रीमती गिरजा देवी।	₹ 30,91,346.01 + अन्य शुल्क + आगे का ब्याज दिनांक 08-06-2026 से प्रभावी	**ई–नीलामी की तिथि:** 28-07-2026 **ई–नीलामी का समय:** दोपहर 14:00 बजे तक शाम 16:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य- रू.51,89,400/– 2. अग्रधन राशि (ईएमडी) रू.5,18,940/– 3. बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/–	सांकेतिक	दिनांक: 24.07.2026 समय: 10:00 से 17:00
2.	रजनी चौक, पूर्णिया 10.06.2026	1. मोहम्मद आजम पिता- मोहम्मद मोइदुदीन 2. श्रीमती तबस्सुम खान पति- मोहम्मद आजम	भूमि एवं भवन का सामूहिक बंधक मो. आजम के नाम पर है जिसका सेल डीड संख्या-10580 दिनांक- 03.08.2018, जो मौजा-भौली, मोहल्ला- कमालपुर डिमिया, थाना- जालालगढ़, जिला- पूर्णिया में स्थित है, थाना संख्या- 172, तौजी संख्या- 8/5, खाता संख्या- 235, खेसरा संख्या- 345, क्षेत्रफल- 10 डेसिमल (500 वर्ग फुट) – (5 कट्ठा)। **चौहद्दी-** उत्तर: निज बचा, दक्षिण: मुमताज आलम, पूर्व: सड़क, पश्चिम: निज बचा	₹ 21,69,209.52 + अन्य शुल्क + आगे का ब्याज दिनांक 08-06-2026 से प्रभावी	**ई–नीलामी की तिथि:** 28-07-2026 **ई–नीलामी का समय:** दोपहर 14:00 बजे तक शाम 16:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य- रू. 46,54,800/– 2. अग्रधन राशि (ईएमडी) रू. 4,65,480/– 3. बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/–	सांकेतिक	दिनांक: 24.07.2026 समय: 10:00 से 17:00
3.	रजनी चौक, पूर्णिया 09.06.2026	1. मेसर्स पटेल ट्रेडिंग प्रो॰- श्री रजनीश पटेल 2. श्री रजनीश पटेल, पिता- मुनेश्वर मंडल 3. श्रीमती शीला देवी पति- मुनेश्वर मंडल	1. भूमि एवं भवन गीता देवी के नाम पर स्थित है, मौजा- अब्दुल्ला नगर, अंचल- पूर्णिया पूर्व, थाना संख्या- 100/1, खाता संख्या- 620, खेसरा संख्या- 1467, सेल डीड संख्या- 4326 दिनांक 19.04.1988, क्षेत्रफल- 01 कट्ठा चौहद्दी-उत्तर- कृष्णा नंद, दक्षिण- सर्वे पीसीसी सड़क, पूर्व- मणि भाला देवी, पश्चिम- निज गीता देवी 2. भूमि एवं भवन गीता देवी के नाम पर स्थित है, थाना संख्या- 100/1, खाता संख्या- 520, खेसरा संख्या- 1485, सेल डीड संख्या- 1408 दिनांक 28.01.1989, क्षेत्रफल- 01 कट्ठा 11 धुर **चौहद्दी-**उत्तर- पार्वती देवी, दक्षिण- निजी सड़क, पूर्व- क्रेता, पश्चिम- सुरेंद्र प्रसाद चौधरी एवं लीला देवी" कुल क्षेत्रफल- 02 कट्ठा 11 धुर	₹ 24,37,726.56 + अन्य शुल्क + आगे का ब्याज दिनांक 08-06-2026 से प्रभावी	**ई–नीलामी की तिथि:** 28-07-2026 **ई–नीलामी का समय:** दोपहर 14:00 बजे तक शाम 16:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य- रू. 68,01,230/– 2. अग्रधन राशि (ईएमडी) रू. 6,80,123/– 3. बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/–	सांकेतिक	दिनांक: 24.07.2026 समय: 10:00 से 17:00
4.	रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया 10.06.2026	1. मेसर्स शिवम डिस्ट्रीब्यूटर्स, प्रोप- जानकी कुमारी 2. श्रीमती जानकी कुमारी पति- सत्यनंद मिश्र 3. श्री सच्चिदानंद मिश्र पिता- स्वर्गीय परमानंद मिश्र	भूमि एवं भवन का सामूहिक बंधक श्री सच्चिदानंद मिश्र, पिता- स्वर्गीय परमानंद मिश्र के नाम पर स्थित है, पुराना खाता संख्या- 362, एम.एस.खाता संख्या- 1146, पुराना खेसरा संख्या- 3979, एम.एस. खेसरा संख्या- 751, थाना खाता संख्या- 123/1,नया हुआ क्षेत्रफल- 4.00 डेसमिल, मौजा/मोहल्ला- मधुबनी, शहरी नगर, पूर्णिया, जिला-पूर्णिया **चौहद्दी-** उत्तर- श्री माहाबीर मंडल, दक्षिण- नगरपालिका रोड, पूर्व- श्री महावीर मंडल, पश्चिम- श्री रवीन्द्र मोहन प्रसाद वर्मा	₹ 16,87,336.20 + अन्य शुल्क + आगे का ब्याज दिनांक 08-06-2026 से प्रभावी	**ई–नीलामी की तिथि:** 28-07-2026 **ई–नीलामी का समय:** दोपहर 14:00 बजे तक शाम 16:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य- रू. 68,01,230/– 2. अग्रधन राशि (ईएमडी) रू. 6,80,123/– 3. बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/–	सांकेतिक	दिनांक: 24.07.2026 समय: 10:00 से 17:00
5.	रजनी चौक, पूर्णिया 09.06.2026	1. मेसर्स एच एन एस्टेट, प्रोप- योगेशी आशा देवी 2. श्रीमती आशा देवी पति- शम्भू प्रसाद साह	मौजा- नारंग, मोहल्ला- शाष्ठा नगर, लहान बसी, पंचायत भवन के निकट, खाता संख्या- 117, खेसरा संख्या- 1941, थाना- के. हाट, उप-निबंधन कार्यालय- पूर्णिया, थाना संख्या- 110, वार्ड संख्या- 24, तौजी संख्या- 8/5, जिला- पूर्णिया, सेल डीड संख्या- 895 एवं 896 दोनों दिनांक 04.02.2005, क्षेत्रफल- 5 डेसीमल 3 कड़ी, श्रीमती आशा देवी पति- शंभू प्रसाद साह के नाम पर है। चौहद्दी डीड संख्या- 895 के लिए- उत्तर: खुद खरीदार, दक्षिण: मालिक साह, पूर्व: रवींद्र साह, पश्चिम: 12 फीट चौड़ी निजी सड़क चौहद्दी डीड संख्या- 896 के लिए- उत्तर- लिल कुमार, दक्षिण- खुद खरीदार, पूर्व – रवींद्र साह, पश्चिम- 12 फीट चौड़ी सड़क	कुल बकाया राशि (वास्तविक) ब्याज राशि दिनांक 31.05.2026 तक) वसूली (यदि कोई हो) पाटकर ₹ 35,92,233.88 + अन्य शुल्क + आगे का ब्याज दिनांक 01-06-2026 से प्रभावी	**ई–नीलामी की तिथि:** 07-07-2026 **ई–नीलामी का समय:** दोपहर 14:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य- रू. 40,29,300/– 2. अग्रधन राशि (ईएमडी) रू. 4,02,930/– 3. बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/–	सांकेतिक	दिनांक: 04.07.2026 समय: 10:00 से 17:00
6.	डीएन सिंह रोड, भागलपुर 10.06.2026	1. मेसर्स बाबुजी फिल्म, प्रोप-अमर कुमार सह 2. श्री अमर कुमार सह 3. श्री नवल किशोर नवरंग (गारंटर)	श्री अमर कुमार सह की संपत्ति का पंजीकृत बंधक, जो मौजा- गंगाटी रोड, अलीगंज, वार्ड संख्या- 37 (पुराना), 42 (नया), हील्डिंग संख्या- 15A, नगरपालिका संख्या- 4065, अंचल-जगदीशपुर, वर्ष खाता संख्या-214, खेसरा संख्या- /प्लॉट संख्या-1546 का, क्षेत्रफल- 1440 वर्ग फुट, जो नगर निगम, उप-निबंधन-शहर वर्ष जिला- भागलपुर के अंतर्गत आती है। **चौहद्दी-** उत्तर- बजरंगी साह, दक्षिण- गंगाटी रोड, पूर्व- काली साह, पश्चिम- रंजीत साह एवं राम रतन प्रसाद साह	₹ 30,87,748.36 + अन्य शुल्क + आगे का ब्याज दिनांक 08-06-2026 से प्रभावी	**ई–नीलामी की तिथि:** 07-07-2026 **ई–नीलामी का समय:** दोपहर 14:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य- रू. 54,09,900/– 2. अग्रधन राशि (ईएमडी) रू. 5,40,990/– 3. बोली वृद्धि राशि- रू. 10,000/–	सांकेतिक	दिनांक: 04.07.2026 समय: 10:00 से 17:00

बिक्री की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com पर जाएं। साथ ही, इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से टेलीफोन नंबर / मोबाइल नंबर (शाखा-रजनी चौक, पूर्णिया- 9264450897 शाखा-रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्णिया-8294635914 एवं शाखा- डीएन सिंह रोड, भागलपुर-7544007374) पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक – 15.06.2026
स्थान – पूर्णिया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा